समाचार

# कोरबा के विकास में कोई अवरोध नहीं आने दिया जाएगा—राजस्व मंत्री

## (कोरबा पुराने शहर को मिली बहुप्रतीक्षित उद्यान की सौगात, 338 करोड़ 59 लाख रू. की लागत वाले विकास कार्यो व योजनाओं का भूमिपूजन किया मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता)



कोरबा 01 मार्च 2019—प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज कहा है कि कोरबा के विकास में अब कोई अवरोध नही आने दिए जाएगा, विकास की दिशा न तो किसी प्रकार की राजनीति आडे आने दी जाएगी और न ही राशि की कमी होगी। उन्होने कहा कि कोरबा पुराने शहर के नागरिकों की बहुत पुरानी इच्छा थी कि यहां पर एक सर्वसुविधायुक्त गार्डन बनाया जाए, आज नागरिकबंधुओं की इच्छा का सम्मान करते हुए एक सर्वसुविधायुक्त गार्डन के निर्माण व स्थापना कार्य की शुरूआत कराई गई है।

उक्त बातें मंत्री श्री अग्रवाल ने पुराने कोरबा शहर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की विशेष पहल पर पुराने वेयरहाउस को स्थानांतरित कर उक्त स्थल पर 01 करोड़ 13 लाख 65 हजार रूपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त उद्यान का निर्माण कराया जाना हैं, जिसका भूमिपूजन आज राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के करकमलों द्वारा किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा की गई। इसके साथ ही दर्री बराज से गोपालपुर तक 97 करोड़ 49 लाख रूपये की लागत से फोरलेन सड़क निर्माण, सीतामणी इमलीडुग्गू से बरबसपुर तक 84 करोड़ 63 लाख रूपये की लागत से फोरलेन सड़क का निर्माण, सी.एस.ई.बी.चौक से ध्यानचंद चौक

तक 56 करोड़ 03 लाख रूपये की लागत से पुल–पुलिया निर्माण, वार्ड क्र. 42 रूमगरा बस्ती में 03 करोड़ 24 लाख रूपये की लागत से केनाल के ऊपर पुलिया निर्माण के साथ–साथ प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत 132 करोड़ रूपये की लागत से 2784 आवासगृहों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन उनके करकमलों से किया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरबा के विकास एवं यहां की जनता की सेवा में किसी प्रकार की कमी न हो, यह मेरा सदैव प्रयास रहा है, यहां पर एक उद्यान की मांग बहुत पुरानी मांग है, यहां के निवासियों की इच्छा का सम्मान करते हुए पुराने वेयर हाउस को कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल से चर्चा कर यहां से हटाया गया तथा आज एक सर्वसुविधायुक्त उद्यान के निर्माण कार्य की शुरूआत कराई गई। उन्होने कहा कि पुराने कोरबा शहर का सर्वागीण विकास होगा, बस क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद व उनका सहयोग निरंतर प्राप्त होता रहे, विकास के लिए राशि की कभी कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होने आगे कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि जिला खनिज न्यास का अध्यक्ष जिले के प्रभारी मंत्री होगा, निश्चित रूप से जनहित में लिया गया, यह बड़ा निर्णय है, कोरबा में चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, यातायात आदि सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य किए जाएंगे, यह मैं क्षेत्र की जनता को आशस्वत करता हूं। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने आज जिन कार्यो का भूमिपूजन सम्पन्न किया गया, उन कार्यो से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

<u>वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों ने कहा सराहनीय कार्य</u>– इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार जसराज जैन ने कहा कि मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल की यह खूबी है कि वे जनमानस की इच्छा को अच्छी तरह समझते हैं, इस उद्यान के निर्माण से यहां के निवासियों का एक पुराना सपना पूरा हो रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अशोक चावलानी ने कहा कि मंत्री श्री अग्रवाल ने निश्चित रूप से आज कोरबा पुराने शहर क्षेत्र को एक बहुत बड़ा तोहफा दिया है, वह भी मंत्री बनने के केवल दो माह के भीतर, उन्होने कहा कि इस स्थल पर उद्यान निर्माण का प्रयास मैंने भी किया, किन्तु सफलता नहीं मिली। वरिष्ठ पत्रकार वेदप्रकाश मित्तल ने कहा कि जनता की पुरानी मांग आज पूरी हुई, उनका सपना पूरा हुआ, मंत्री श्री अग्रवाल यहां की सारी समस्याएं जानते हैं, अब उन समस्याओं के निराकरण का समय आ चुका है। मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी ने कहा कि हमारे बचपन का सपना था कि यहां एक उद्यान निर्मित हों, आज मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल की पहल पर हमारा यह सपना पूरा हो रहा है। वरिष्ठ नागरिक टी.एन.भावनानी ने इस निर्माणाधीन उद्यान का नामकरण संत कंवरराम जी के नाम पर करने का अनुरोध किया, जिस पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी सहमति दी। सभा का संचालन श्यामसुंदर सोनी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सतेन्द्र वासन द्वारा किया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, आयुक्त एस.के. दुबे, जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक चावलानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जायसवाल, जिला कांग्रेस की ग्रामीण अध्यक्ष उषा तिवारी, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सपना चौहान, कुसुम द्विवेदी, मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, मनकराम साहू, इस्माईल कुरैशी, गोपाल कुर्रे, सीताराम चौहान, पार्षद महेन्द्र सिंह चौहन, मनहरणलाल राठौर, मनीष शर्मा, अपर आयुक्त अशोक शर्मा, पूर्व सभापति संतोष राठौर, महेश अग्रवाल, मुकेश राठौर, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, वरिष्ठ नागरिक टी.एन.भावनानी, ठाकुर प्रसाद अकेला, देवीप्रसाद केडिया, वरिष्ठ पत्रकार जसराज जैन, वेदप्रकाश मित्तल, सुरेश सहगल, महेश भावनानी, सुरेन्द्र लांबा, रूणमल अग्रवाल, सतेन्द्र वासन, बच्चू मखवानी, रमेश जायसवाल, गोपाल मोदी, रवि पी.सिंह, सतीश जालान, राजू छतवाल आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकबंधु उपस्थित थे।